गाइड शिक्षा के लिए विकलांगता मानक



# शुरुआत करना: विकलांगता और शिक्षा

यह संसाधन विकलांगता और ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा प्रणाली में नए माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है।

यह संसाधन विकलांगता ग्रस्त छात्रों और युवा लोगों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा सह-डिज़ाइन किया गया था।

## इस संसाधन के बारे में

इस संसाधन को ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इसे विकलांगता ग्रस्त छात्रों और युवा लोगों और उनके माता-पिता और देखभालकर्ताओं द्वारा चिल्ड्रन एंड यंग पीपल विद डिसेबिलिटी ऑस्ट्रेलिया (ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त बच्चे और युवा लोग, Children and Young People with Disability Australia) (CYDA) और नेशनल एथनिक डिसेबिलिटी एलायंस (राष्ट्रीय जातीय विकलांगता गठबंधन, National Ethnic Disability Alliance) (NEDA) की मदद से डिज़ाइन किया गया था।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पूरे ऑस्ट्रेलिया में देश के पारंपरिक मालिकों और संरक्षकों को मान देती है। हम भूमि, जल और समुदाय से उनके निरंतर संबंध को मान देते हैं। हम उन्हें और उनके अतीत और वर्तमान के बुजुर्गों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं। हम एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों की निरंतर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक प्रथाओं के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हैं।

## भाषा पर नोट

यह संसाधन व्यक्ति-प्रथम भाषा का उपयोग करता है (उदाहरण के लिए, 'विकलांगता ग्रस्त छात्र')। लेकिन यह दृष्टिकोण हर किसी के लिए ठीक नहीं है, और कई लोग पहचान-प्रथम भाषा (उदाहरण के लिए, 'विकलांग छात्र') का उपयोग करना पसंद करते हैं।

यह प्रत्येक व्यक्ति पर निर्भर है कि वह अपनी पहचान कैसे चुनता है। हम आपको लोगों से उनकी पसंद पूछने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम इन सभी परिभाषाओं के पीछे के गहरे इतिहास को भी मान देते हैं।

इस संसाधन में हम 'शिक्षा संस्था' और 'स्कूल या केंद्र' का उपयोग एक ही अर्थ के लिए करते हैं। इन दोनों से तात्पर्य आपके बच्चे के शिक्षित होने वाले स्थान से है।

यह संसाधन माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए है। 'आपका बच्चा/आपकी बच्ची/आपकी संतान' से हमारा तात्पर्य किसी भी ऐसे बच्चे से है जिसके लिए आप उत्तरदायी हैं।

### अतिरिक्त संसाधन

यह संसाधनों के समूह का एक भाग है। आप उन्हें ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन (ऑस्ट्रेलियाई सरकार शिक्षा विभाग, Australian Government Department of Education) की वेबसाइट पर या QR कोड स्कैन करके प्राप्त कर सकते हैं।

QR कोड स्कैन करें

यह संसाधन ईज़ी रीड,ऑस्लान और कई अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। आप इन संस्करणों को ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन वेबसाइट पर या QR कोड स्कैन करके प्राप्त कर सकते हैं।

*विषय-वस्तु नोट: इस गाइड में पक्षपात और भेदभाव का वर्णन किया गया है। इसमें नकारात्मक विचारों और भाषा के उदाहरण हैं। समर्थन के लिए आप लाइफलाइन को 13 11 14 पर कॉल कर सकते हैं या 0477 13 11 14 पर टेक्स्ट कर सकते हैं।*

## यह गाइड किसके लिए है?

यदि आप विकलांगता ग्रस्त बच्चे के लिए उत्तरदायी हैं, तो यह गाइड आपके लिए है। आप उनके माता-पिता, अभिभावक या देखभालकर्ता हो सकते हैं।

## यह गाइड किस लिए है

यह गाइड निम्नलिखित को शुरू करने में आपको सहायता प्रदान करने के लिए है:

- अपने बच्चे के शिक्षा अधिकारों के बारे में सीखना
- अपने बच्चे की शिक्षा के विकल्पों के बारे में सोचना।

## इस गाइड में क्या शामिल है

यह गाइड निम्नलिखित के बारे में बताती है:


- विकलांगता का क्या अर्थ है(पृ.1)
- विकलांगता के प्रति दृष्टिकोण(पृ.4)
- आपके बच्चे की शिक्षा के लिए विकल्प (पृ.5)
- आपके बच्चे का दाखिला होने के बाद (पृ. 9)
- आपके बच्चे की शिक्षा के लिए लक्ष्य (पृ.14)
- समर्थन और जानकारी कहाँ से प्राप्त करें (पृ.14)


## विकलांगता का क्या अर्थ है?

लोगों की तरह ही, विकलांगता भी बहुत विविध है। यह क्या है, इसे लेकर लोगों के विभिन्न विचार हैं। ऐसा हो सकता है कि आप शायद इस बारे में सुनिश्चित नहीं हों कि यदि आपके बच्चे के अनुभव विकलांगता के तौर पर माने जाते हैं या नहीं।

उनके शिक्षक या डॉक्टर द्वारा निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग किया जा सकता है:

- चिकित्सीय स्थिति या बीमारी
- एडिशनल सपोर्ट नीड्स (अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता)
- डिफरेंट एबिलिटी (अलग क्षमता)
- इम्पेयरमेंट (विकार)
- एक्सेस नीड्स (पहुंच की आवश्यकता)
- स्पेशल नीड्स (विशेष आवश्यकताएं)
- नीडिंग एडजस्टमेंट्स (समायोजन की आवश्यकता)
- नीडिंग अकोमोडेशन्स (सामंजस्य की आवश्यकता)

ये सभी शब्द विकलांगता को संदर्भित कर सकते हैं।

नोट: हम जिस भाषा का उपयोग स्वयं का वर्णन करने के लिए करते हैं वह व्यक्तिगत बात है और यह हमारे ऊपर निर्भर करता है। लेकिन इस सूची में दिए गए कुछ शब्दों का वृत्तांत कठिन है। हम इस संसाधन में उनका दोबारा उपयोग नहीं करते हैं।


जब हम अधिकारों, कानूनों, सेवाओं और समर्थनों पर चर्चा करते हैं तो 'विकलांगता' शब्द का उपयोग किया जाता है।

## परिभाषा: विकलांगता

विकलांगता बहुत व्यापक शब्द है और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- शारीरिक या मानसिक कार्यों का आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होना
- शरीर के किसी अंग का आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होना
- बीमारी या रोग का कारण बनने या पैदा कर सकने वाले ऑर्गेनिज़्मस (जीवों) की उपस्थिति (उदाहरण के लिए, एचआईवी)
- सीखने के विकार
- व्यवहार, भावनाओं, निर्णय या सोच-विचार प्रक्रियाओं के विकार।

विकलांगता की विभिन्न श्रेणियाँ हैं:



कॉग्निटिव
(जैसे, डाउन सिंड्रोम, मस्तिष्क चोट)



न्यूरोलॉजिकल
(जैसे, मिर्गी, ऑटिज्म)



शारीरिक
(जैसे, गठिया, सेरेब्रल पाल्सी)



संवेदनात्मक (जैसे नेत्रहीन, कम सुनना)



सामाजिक/भावनात्मक
(जैसे, डिप्रेशन, ऑब्सेसिव कम्पलसिव डिसऑर्डर)

आपके बच्चे के अनुभव विकलांगता की एक से अधिक श्रेणियों में शामिल हो सकते हैं। उन्हें एक से अधिक स्थितियां या विकलांगताएं भी हो सकती हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई विकलांगता भेदभाव कानून

ऑस्ट्रेलिया में विकलांगता ग्रस्त सभी छात्र *विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (Disability Discrimination Act 1992)* (DDA) और *शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (Disability Standards for Education 2005)* (DSE) द्वारा संरक्षित हैं। सभी स्कूलों द्वारा DDA और DSE का अनुसरण अवश्य किया जाना चाहिए।

### परिभाषा: विकलांगता भेदभाव अधिनियम 1992 (DDA)

DDA ऐसा कानून है जो ऑस्ट्रेलिया में सभी पर लागू होता है। यह लोगों को उनकी विकलांगता के कारण होने वाले भेदभाव से बचाता है।

### परिभाषा: शिक्षा के लिए विकलांगता मानक 2005 (DSE)

DSE कानूनों का ऐसा संग्रह है जो DDA के अंतर्गत आता है। वे शिक्षा प्रदाताओं के दायित्वों को स्पष्ट करते हैं। DSE शिक्षा प्रदाताओं को इस बारे में बताता है कि उन्हें विकलांगता ग्रस्त छात्रों का समर्थन करने के लिए क्या करना चाहिए।

विकलांगता ग्रस्त छात्र जब निम्नलिखित संस्थानों में जाते हैं तो उन्हें DSE के साथ-साथ DDA द्वारा भी कवर (बीमे से सुरक्षित) किया जाता है:

- प्रीस्कूल
- किंडरगार्टन
- स्कूल
- उच्च शिक्षा
- व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण।

वर्तमान में DSE द्वारा बाल देखभाल (चाइल्ड केयर) को कवर नहीं किया जाता है लेकिन ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस बात की जांच कर रही है कि इसमें परिवर्तन कैसे लाया जाए।

और अधिक जानकारी के लिए, हमारा शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन देखें।

# विकलांगता के प्रति दृष्टिकोण

आपके बच्चे को:



- स्वीकृत किया जाना चाहिए
- शामिल किया जाना चाहिए
- समुदाय का हिस्सा होना चाहिए।

आपके साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए।

यदि विकलांगता आपके परिवार के लिए नई है, तो हो सकता है कि आपको पता न हो कि इसके बारे में कैसा महसूस किया जाए। आप चिंतित या अभिभूत महसूस कर रहे होंगे। आप जो महसूस करना चाहते हैं, उसे महसूस करना ठीक है।

लेकिन निम्नलिखित को समझने की कोशिश करना भी उचित है:

- आप क्या महसूस कर रहे हैं?
- आप ऐसा क्यों महसूस कर रहे हैं?
- यह कहाँ से आता है?
- विकलांगता के प्रति आपका अपना दृष्टिकोण क्या है?

## आप और आपका बच्चा अकेले नहीं हैं: ऑस्ट्रेलिया में 5 में से 1 व्यक्ति विकलांगता से ग्रस्त है।

विकलांगता कोई बुरा शब्द नहीं है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आपके बच्चे में किसी चीज़ की कमी है। हर बच्चा अपनी गति से सीखता और विकसित होता है।

विकलांगता ग्रस्त लोगों को समाज में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बाधाएँ वे रूकावटें होती हैं जिनसे शामिल होना कठिन बनता है।

नोट: बाधा से तात्पर्य किसी ऐसी चीज़ से नहीं है जो आपका बच्चा अपनी वजह से उत्पन्न करता है। यह उसके आसपास की दुनिया में कुछ ऐसी चीज़ है जिसे हमें बदलने या हटाने की आवश्यकता है।

उदाहरण के लिए:

यह बाधा है: 'मेरे बच्चे को उस तरीके से बातचीत करने के लिए समर्थन नहीं दिया जा रहा है जो उनके लिए काम करता है।'

यह बाधा नहीं है: 'मेरा बच्चा बोल नहीं सकता है।'

कभी-कभार हमारे आस-पास के लोग विकलांगता के बारे में नकारात्मक विचार रख सकते हैं। उनका नकारात्मक रवैया ठीक नहीं है। आपको शर्म या लांछित महसूस नहीं करवाना चाहिए।

### लक्ष्य

विकलांगता के बारे में हर किसी का नजरिया और विचार विभिन्न होते हैं। लेकिन हम सदैव समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। ऐसा समाज जो विकलांगता ग्रस्त लोगों का सम्मान करे, उन्हें शामिल करे और महत्व दे।



आपको लोगों द्वारा आपके बच्चे को स्वीकार करने और शामिल किये जाने की उम्मीद करनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे गलत काम कर रहे हैं। ऐसा करके वे गैर-कानूनी तरीके से भी पेश आ रहे हो सकते हैं।

# आपके बच्चे की शिक्षा के लिए विकल्प



ऑस्ट्रेलिया में, आपके बच्चे के पास उनकी शिक्षा के प्रत्येक चरण के लिए कई विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। यह पता लगाना कठिन हो सकता है कि आपके बच्चे के पास कौन से शिक्षा विकल्प हैं। निम्नलिखित के बारे में याद रखना महत्वपूर्ण है:

आपके बच्चे के पास शिक्षा के सभी विकल्प होने चाहिए।
शिक्षा प्रदाताओं द्वारा आपके बच्चे को अन्य बच्चों की तरह ही शिक्षा में दाखिला लेने के लिए समान अवसर प्रदान किये जाने चाहिए। यह ऑस्ट्रेलिया का कानून है।
शिक्षा प्रदाताओं को आपके बच्चे को किसी विशेष शिक्षा मार्ग जैसे सरकारी, स्वतंत्र, विशिष्ट, आस्था-आधारित, आदि में जाने का दवाब नहीं डालना चाहिए।

## इससे पहले कि आप अपने बच्चे का दाखिला कराएँ

आपके बच्चे की शिक्षा यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर, आपको यह निर्णय लेने की आवश्यकता होगी कि उनका दाखिला कहाँ करवाना है। अपना निर्णय लेते समय, आप निम्नलिखित के बारे में सोच सकते हैं:

- स्थान
- आस्था या विचारधाराएँ
- परिवार या समर्थन
- फाइनेंस (वित्त)
- मान्यताएँ
- पहुँच

अन्य ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण प्रश्न हैं:

- क्या मेरा बच्चा वहाँ सुरक्षित और खुश रहेगा?
- क्या उन्हें सीखने के लिए आवश्यक समर्थन मिलेगा?
- क्या वे अपने स्थानीय समुदाय में संबंध बनाएंगे?

आप हमारे लक्ष्य और परिवर्तनकाल (Milestones and transitions) संसाधन में शिक्षा में विभिन्न मार्ग चुनने के बारे में और अधिक जान सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रणाली

ऑस्ट्रेलिया की शिक्षा प्रणाली में 4 स्तर हैं:

- प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा
- प्राइमरी स्कूल
- सेकेंडरी स्कूल
- तृतीयक (टर्शरी) शिक्षा।

शिक्षा के स्तर

| | शिक्षा प्रदाता का प्रकार | बच्चे की आयु | अनिवार्य या वैकल्पिक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा जैसे, किंडरगार्टन और प्रीस्कूल | आम तौर पर 3–5 | वैकल्पिक लेकिन 4 साल की आयु से प्रोत्साहित किया जाता है |
| 2 | प्राइमरी स्कूल | आम तौर पर 5–12 | अनिवार्य – यह ज़रूरी है कि प्रत्येक बच्चा 6 वर्ष की आयु से स्कूल जाए |
| 3 | सेकेंडरी स्कूल | आम तौर पर 12–18 | 16,17 या 18 तक अनिवार्य, यह इस पर निर्भर करता है कि आप किस राज्य या टेरिटरी में रहते हैं |
| 4 | तृतीयक (टर्शरी) शिक्षा जैसे, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (इसमें TAFE भी शामिल है),कार्यस्थल प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा (इसमें विश्वविद्यालय शामिल है) | आम तौर पर 15 और इससे अधिक (सेकेंडरी स्कूल के साथ संयोजन कर सकते हैं) | वैकल्पिक |

## स्कूलों के प्रकार

ऑस्ट्रेलिया में 2 प्रकार के स्कूल हैं। ये सरकारी और गैर-सरकारी स्कूल हैं।

सरकारी स्कूलों का संचालन राज्य और टेरिटरी सरकारों द्वारा किया जाता है और आम तौर पर ये फीस नहीं लेते हैं।

गैर-सरकारी स्कूलों का संचालन अन्य संगठनों द्वारा किया जाता है। उदाहरण के लिए, कई आस्था-आधारित स्कूल और स्वतंत्र स्कूल हैं। ये स्कूल आम तौर पर फीस लेते हैं।

प्रत्येक स्कूल के पास फंडिंग (वित्त-पोषण) उपलब्ध होती है ताकि वे विकलांगता ग्रस्त छात्रों को इसमें शामिल होने के लिए उन्हें उचित समायोजन प्रदान कर सकें।

प्रत्येक विकलांगता ग्रस्त छात्र को अपने स्थानीय स्कूल या केंद्र में जाने का अधिकार है। कुछ स्थान केवल विकलांगता ग्रस्त छात्रों के लिए खुले हैं। आप अपने राज्य या टेरिटरी के शिक्षा विभाग की वेबसाइट से इनके बारे में पता लगा सकते हैं।

# आपके बच्चे का दाखिला होने के बाद

आपके बच्चे का शिक्षा में दाखिला होने के बाद उसे विकल्पों की पूरी श्रृंखला तक पहुँच प्राप्त करने में समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए। इन विकल्पों में विभिन्न कक्षाएँ, गतिविधियाँ, पाठ्यक्रम और सर्टिफिकेशन शामिल हो सकते हैं।

अपने साथियों की तरह ही, आपका बच्चा निम्नलिखित में भी सक्षम होना चाहिए:



किसी शिक्षा संस्था के लिए आवेदन करना, स्वीकृत किये जाने और उसमें दाखिला लेना



अपने शिक्षा पाठ्यक्रम या कार्यक्रम के प्रत्येक भाग में शामिल होना



सीखने के अनुभवों में भाग लेना



भेदभाव, उत्पीड़न और अत्याचार से मुक्त, सुरक्षित वातावरण में शिक्षा ग्रहण करना




स्कूल परामर्शदाता जैसी समर्थन सेवाओं का उपयोग करना

नोट: आप हमारे शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन में उत्पीड़न और अत्याचार के बारे में और अधिक जान सकते हैं।

प्रत्येक छात्र के पास विकल्प और अवसर होते हैं। ये विकलांगता ग्रस्त छात्रों के लिए भी समान या समरूप होने चाहिए। यह केवल कक्षा में शिक्षण पर ही लागू नहीं होता है। इसमें स्कूल कैंप और ब्रेक के समय खेलने जैसी चीजें भी शामिल हैं।

## आपके बच्चे द्वारा शामिल होने और सीखने के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त करना

जब आप विकलांगता और शिक्षा के बारे में सोचना शुरू करते हैं, तो आप स्वयं से पूछ सकते हैं: क्या आपके बच्चे को इनमें से एक या अधिक क्षेत्रों में समर्थन की आवश्यकता है?



यदि उन्हें समर्थन की आवश्यकता है, तो क्या उन्हें अभी यह प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं, तो स्कूल या केंद्र से संपर्क करें और मीटिंग के लिए पूछें। आपको एक साथ मिलकर काम करने और अपने बच्चे के विकल्पों पर चर्चा करने में सक्षम होना चाहिए।

क्या उन्हें इसके लिए समर्थन मिल रहा है लेकिन और अधिक समर्थन की आवश्यकता है? यदि हाँ, तो अतिरिक्त समर्थन पर चर्चा करने के लिए स्कूल या केंद्र से संपर्क करें।

यदि आपके बच्चे को आवश्यक समर्थन नहीं मिल रहा है, तो आपको परिवर्तनों के लिए पूछने का अधिकार है। इन्हें उचित समायोजन कहा जाता है। प्रत्येक विकलांगता ग्रस्त बच्चे को इनका अधिकार है ताकि वे सीख सकें और इसमें शामिल हो सकें।

## परिभाषा: उचित समायोजन

समायोजन से तात्पर्य किसी परिवर्तन या सामंजस्य से है। ये वे कार्रवाईयाँ हैं जो बच्चों को अपने साथियों के साथ शामिल होने में मदद करती हैं। वे निम्नलिखित हो सकती हैं:

- लोग (उदाहरण के लिए, सहायक कर्मचारी)
- सामग्री (उदाहरण के लिए, स्क्रीन रीडर)
- चीजों को करने के तरीके में बदलाव (उदाहरण के लिए, विश्राम विराम [रेस्ट ब्रेक])।

समायोजनों को व्यवस्थित और फंड करना शिक्षा प्रदाता की भूमिका होती है, जब तक कि ऐसा करने से प्रदाता के लिए कोई अनुचित मुश्किल उत्पन्न न हो।

यथोचित क्या है, वह हर मामले के लिए विभिन्न होगा। लेकिन शिक्षा प्रदाताओं को इस तरह की बातों पर विचार करना चाहिए:

- आप और आपका बच्चा क्या चाहते हैं?
- आपके बच्चे की विकलांगता उसे कैसे प्रभावित करती है?
- परिवर्तन आपके बच्चे और उनके शामिल होने और सीखने की क्षमता को कैसे प्रभावित करेगा?
- परिवर्तन स्टाफ और अन्य छात्रों को कैसे प्रभावित करेगा?
- परिवर्तन करने की लागत और लाभ क्या हैं?
- क्या प्रदाता परिवर्तन करने के लिए फंड या अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकते हैं (उदाहरण के लिए, सरकारी फंडिंग)?

आम तौर पर, शिक्षा प्रदाताओं को उचित समायोजन करने होंगे। उन्हें यह केवल उस समय करने की आवश्यकता नहीं है कि जब परिवर्तन करने से 'अनुचित कठिनाई' उत्पन्न होगी। इसका मतलब है कि प्रदाता के लिए इसे लागू करना बहुत कठिन होगा।

इसे दर्शाना प्रदाता की जिम्मेदारी है कि परिवर्तन करने से अनुचित कठिनाई उत्पन्न होगी। आपको कुछ भी साबित करने की आवश्यकता नहीं है।



उचित समायोजनों के उदाहरण हैं:

- विश्राम/बाथरूम/स्नैक्स ब्रेक
- कक्षा सहायक
- ऑस्लान दुभाषिया
- शिक्षक द्वारा कक्षा में कुछ व्यवहारों के लिए अनुमति देना
- फ्लेक्सिबल (अनुकूलनशील) समय सीमाएँ/एक्सटेंशन
- पढ़ने का अतिरिक्त समय
- रैंप
- नोट टेकर
- संचार समर्थन
- एडजस्टेबल कुर्सी।

या आपके बच्चे को किसी और चीज़ की आवश्यकता हो सकती है।

## माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए सलाह

विकलांगता ग्रस्त बच्चे के माता-पिता या देखभालकर्ता के रूप में:

- आपके बच्चे की विकलांगता के कारण आपसे अलग व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए
- आपके बच्चे को प्रभावित करने वाले निर्णयों में आपको शामिल किया जाना चाहिए
- यदि कुछ सही नहीं है तो आपको शिकायत करने के लिए सक्षम होना चाहिए
- आपके पास इस बारे में विकल्प होने चाहिए कि आपका बच्चा कहाँ से शिक्षा प्राप्त कर रहा है

और अधिक जानकारी के लिए, हमारे शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या संसाधन देखें।

# आपके बच्चे की शिक्षा के लिए लक्ष्य

आप अपने बच्चे की शिक्षा को एक यात्रा के रूप में सोच सकते हैं। उनके द्वारा विभिन्न मार्गों को अपनाया जा सकता है।

लेकिन इससे पहले कि आप किसी मार्ग का चयन करें, निम्नलिखित के बारे में सोचना एक अच्छा विचार है:

- आप अपने बच्चे के भविष्य के लिए क्या चाहते हैं
- आप इस दौरान उन्हें क्या अनुभव कराना चाहते हैं।

## स्वयं से पूछने के लिए प्रश्न

- मैं अपने बच्चे की शिक्षा के लिए क्या चाहता/चाहती हूँ? (मेरा बच्चा अपनी शिक्षा से क्या चाहता है?)

- ऐसा होने में क्या बाधाएंएँ(यदि कोई) हैं?
  (क्या इसमें कोई नकारात्मक दृष्टिकोण है? क्या चीजें अब काम कर रही हैं?)

- मैं शिक्षा प्रदाता से इन बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाना चाहता/चाहती हूँ? (उपकरण प्रदान करना? शैक्षणिक सहायता? शारीरिक सहायता? कुछ और?)

- मुझे क्या बताया जा रहा है? (क्या यह मेरे बच्चे के अधिकारों के बारे में मेरी जानकारी से मेल खाता है? क्या प्रदाता मुझ पर किसी निश्चित मार्ग या विकल्प के लिए दवाब डाल रहा है?)

- मेरे बच्चे की समर्थन आवश्यकताओं के बारे में कौन निर्णय लेता है? (वे यह निर्णय कैसे लेते हैं? क्या मुझे इस निर्णय में शामिल किया गया है?)

आपको अपने बच्चे को उसकी शिक्षा के सभी निर्णयों में शामिल करना चाहिए।
आपके द्वारा यह कैसे किया जाता है, यह उनकी आयु और उनकी अपनी जरूरतों और रुचियों पर निर्भर करेगा।

याद रखें:

| | |
|---|---|
| आपके बच्चे के लिए विकल्प बंद नहीं होने चाहिए | • आवेदन करने के लिए आपके बच्चे को DDA या DSE के निदान की आवश्यकता नहीं है। यदि यह माना जाता है कि कोई बच्चा विकलांगता के साथ जी रहा है, तो DDA और DSE का उपयोग किया जा सकता है।<br>• आपका बच्चा अपने गैर-विकलांग साथियों के समान ही शिक्षा में दाखिले के लिए सक्षम होना चाहिए (यदि आयु, स्थान और अन्य कारक अनुमति देते हैं तो)।<br>• प्रत्येक शिक्षा प्रदाता का कर्तव्य है कि वह आपके बच्चे का समर्थन करे। उन्हें इसके लिए हर संभव उचित प्रयास करना चाहिए।<br>• स्टाफ के लिए आपके बच्चे की समर्थन आवश्यकताएँ नई हो सकती हैं। लेकिन यह पता लगाने के लिए क्या कारगर है, उन्हें सुनना चाहिए, शोध करना चाहिए, सीखना चाहिए और विभिन्न चीज़ों को आज़माना चाहिए। यह उनकी भूमिका का हिस्सा है। |
| आपको सभी उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है | • आप अपने बच्चे और उनकी जरूरतों को समझते हैं। शिक्षक आपके बच्चे को सीखने में समर्थन प्रदान करने के लिए हैं। आपको एक साथ मिलकर काम करने में सक्षम होना चाहिए।<br>• शिक्षा प्रदाताओं को विकलांगता ग्रस्त बच्चे की सहायता करने की आवश्यकता है। यह आपके बच्चे की विकलांगता के 'स्तर' या 'गंभीरता' पर निर्भर नहीं होना चाहिए।<br>• आपके बच्चे की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए ऐसे कई संसाधन हैं जिनका शिक्षक उपयोग कर सकते हैं जैसे उपकरण, एप्लिकेशन, सहायक कार्यकर्ता, प्रशिक्षण, आदि।<br>• उचित समायोजनों को फंड और व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी माता-पिता या देखभालकर्ताओं की न होकर शिक्षा प्रदाताओं की है। यह तब तक सच है जब तक वे अनुचित कठिनाई प्रदर्शित नहीं कर सकें। ('उचित समायोजन' की परिभाषा' पृ.11 पर देखें)।<br>• आपको अपने बच्चे की विकलांगता के बारे में एक ही बार में सब कुछ जानने की ज़रूरत नहीं है। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, आप इसके बारे में सीखेंगे। आपके बच्चे की ज़रूरतें बदल सकती हैं। आप हमेशा बाद में भी अन्य सहायता की मांग कर सकते हैं। |

# समर्थन और जानकारी कहाँ से प्राप्त करें

## संचार समर्थन

| अनुवाद और दुभाषिया सेवा | नेशनल रिले सर्विस | नि:शुल्क अनुवाद सेवा |
|---|---|---|
| यदि आप अंग्रेजी नहीं बोलते हैं तो वे आपकी मदद कर सकते हैं।<br>• फ़ोन:131450<br>• वेबसाइट:https://www.tisnational.gov.au | यदि आपको वॉइस से टेक्स्ट, टेक्स्ट से वॉइस, ऑस्लान से अंग्रेजी, या अंग्रेजी से ऑस्लान की जरूरत है तो वे आपकी मदद कर सकते हैं।<br>• फ़ोन:1300555727 (स्पीक एंड लिसन)<br>• वेबसाइट:https://www.accesshub.gov.au | वे मुख्य व्यक्तिगत दस्तावेज़ों का अनुवाद कर सकते हैं। इस सेवा का उपयोग कौन कर सकता है, इसके बारे में जानने के लिए वेबसाइट पर जाएँ।<br>• फ़ोन:1800962100<br>• वेबसाइट:https://translating.homeaffairs.gov.au |

## पालन-पोषण, देखभाल, और विकलांगता के लिए समर्थन

जैसे ही आपको लगे कि आपको सहायता की आवश्यकता हो सकती है, आपको यथाशीघ्र सहायता मांगनी चाहिए। यह जरुरी नहीं है कि केवल मुश्किल में होने पर ही आप सहायता मांगें।

- रेजिंग चिल्ड्रन नेटवर्क (Raising Children Network) (https://www.raisingchildren.net.au)– पालन-पोषण संबंधी जानकारी और संसाधनों का केंद्र
- रेजिंग चिल्ड्रन नेटवर्क (Raising Children Network (https://www.raisingchildren.net.au/grown-ups/services-support/about-services-support/helplines)- माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए हेल्पलाइन की सूची
- देखभालकर्ता गेटवे (Carer Gateway) (https://www.carergateway.gov.au) – देखभालकर्ताओं के लिए समर्थन केंद्र
- डिसेबिलिटी एडवोकेसी नेटवर्क ऑस्ट्रेलिया (Disability Advocacy Network Australia) (https://www.dana.org.au/find-an-advocate)– पक्ष समर्थन संगठनों की सूची
- डिसेबिलिटी ऑस्ट्रेलिया हब (Disability Australia Hub) (https://www.disabilityaustraliahub.com.au) – विकलांगता संगठनों की सूची
- विकलांगता गेटवे (Disability Gateway) (https://www.disabilitygateway.gov.au) – सेवाओं और शिक्षा और पक्ष समर्थन संसाधनों के लिंक

## ऑस्ट्रेलिया की शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी

- ऑस्ट्रेलिया में सेटल होना (बसना) (https://immi.homeaffairs.gov.au/settling-in-australia/settle-in-australia/key-settlement-topics/education-and-training)
- ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ऑफ़ एजुकेशन (https://www.education.gov.au)
- नेशनल डिसेबिलिटी इंश्योरेंस स्कीम (NDIS) (https://ourguidelines.ndis.gov.au/how-ndis-supports-work-menu/mainstream-and-community-supports/who-responsible-supports-you-need/school-education) – NDIS विकलांगता सहायता और सेवाओं को फंड प्रदान करता है

## इस श्रृंखला में जानकारी के लिए अन्य संसाधन

- शिक्षा के लिए विकलांगता मानकों की व्याख्या (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/information-resources-students-disability-and-their-caregivers) – शिक्षा में आपके बच्चे के अधिकारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने में आपकी मदद के लिए संसाधन।
- उपलब्धियाँ और परिवर्तनकाल (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/students/english/milestones)– शिक्षा में बदलाव की समयावधियों में अपने बच्चे को समर्थन प्रदान करने में आपकी सहायता के लिए संसाधन।
- आपको और आपके बच्चे को निर्णय लेने में और उनकी आवश्यकताओं के पक्ष समर्थन में सहायता करने के लिए संसाधन:
  - प्रारंभिक बाल्यावस्था की शिक्षा और देखभाल - अपने बच्चे के लिए पक्ष समर्थन करना: प्रारंभिक वर्ष (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/resources/advocating-your-child)
  - प्राइमरी स्कूल -अपने बच्चे के साथ और उसके लिए पक्ष समर्थन करना: प्राइमरी स्कूल (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/students/english/advocating)
  - सेकेंडरी स्कूल (और आगे की शिक्षा और प्रशिक्षण में)-एक साथ मिलकर काम करना: सेकेंडरी स्कूल से आगे बढ़ना (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/resources/working-together) और अभ्यास में शिक्षा के लिए विकलांगता मानक: कार्य योजना (https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/students/english/dse-in-practice)
- अपने स्कूल के समक्ष चिंताएं व्यक्त करने और शिकायत का समाधान करने के लिए चरण। – आपके बच्चे के स्कूल से संबंधित चिंताओं को रोकने, नेविगेट करने और उनका समाधान करने में आपकी सहायता के लिए संसाधन

https://www.education.gov.au/disability-standards-education-2005/information-resources-students-disability-and-their-caregivers